>

Title: Regarding sewerage system in Pratapgarh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh - Laid

**श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़):** मेरे लोक सभा क्षेत्र प्रतापगढ़ में वर्ष 2008 से ही स्वीकृत हुई सीवर लाइन परियोजना में करोड़ों रूपया व्यय होने के बावजूद आज तक एस0टी0पी0 से उसकी कनेक्टीविटी नहीं हुई और वह जंग खाकर समाप्ति की ओर है । हालत इतनी खराब है कि नमामि गंगे परियोजना में शामिल सई नदी में प्रतापगढ़ की अधिष्ठात्री देवी मां बेतहा देवी मेन्दिर के ठीक बगल में ही गन्दे नाले का पानी नदी में सीधे छोड़ा जा रहा है जिससे मंदिर के पास ही प्रदूषण से आम श्रद्धालु बुरी तरह प्रभावित होते है ।